No. of Printed Pages/Questions: 2 / 4

O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test – I (Round – II) 202 6– 2027

Class - VII | MM-20

Subject- Hindi | Time: 1 Hr.

Name: _____ | Roll No.:_____

प्रश्न 1 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़िए तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **(1X5=5)**

चारों ओर गंदगी फैली,

कूड़े–करकट का अंबार।

यह तो है बाहरी गंदगी,

कर लो तुम इसका उपचार।।

मंत्र स्वच्छता का अपनाओ,

स्वस्थ, सबल जीवन का दान।

दूर करो गंदगी, बच्चों,

करो देश भर का कल्याण।।

दूर गंदगी होने से,

खुशियों का संसार बसेगा।

बस्ती अपनी सुंदर होगी,

वायु, देह, मन शुद्ध रहेगा।।

क) कवि ने कौन–सा मंत्र अपनाने को कहा है ?

अ अस्वच्छता का मंत्र | ब ध्यान रखने का मंत्र

स स्वच्छता का मंत्र | द शुद्धता का मंत्र

ख) 'कल्याण' का क्या अर्थ है ?

अ मृत्यु | ब स्वच्छ

स स्वस्थ | द भला

ग) 'बाहरी गंदगी' से कवि का तात्पर्य है–

अ कूड़ा–करकट | ब विदेशी गंदगी

स नहाना | द गंदे कपड़े पहनना

घ) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–

कथन (A) : गंदगी दूर होने से देश भर का कल्याण होगा।

कारण (R) : गंदगी दूर होने से खुशियों का संसार बसेगा।

(अ) कथन (A) गलत है,किन्तु कारण (R) सही है।
(ब) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
(स) कथन (A) सही है, और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
(द) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

ङ) उपरोक्त गद्यांश में कवि किसके कल्याण की बात कर रहे हैं ?

प्र0 2 नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए– (कोई पाँच) **(1X5=5)**

क) 'स्वर्ग प्राप्त' और 'रसोईघर' का समास विग्रह कीजिए।

ख) अकाल से पीड़ित का समस्तपद बनाकर लिखिए।

ग.) 'दोपहर' और 'पंचरत्न' के समास का नाम लिखिए।

घ) द्वंद्व समास एक उदाहरण दीजिए।

ङ) 'सुबह–शाम का समास विग्रहकर समास का नाम लिखिए ।

च) 'लंबोदर' शब्द का विग्रह सहित समास भेद लिखिए।

प्रश्न 3 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–(कोई तीन) **(2X3=6)**

क) आपको फूल और काँटे के स्वभाव में मुख्य रूप से कौन–सा अंतर दिखाई दिया ?

ख) 'किस तरह कुल की बड़ाई काम दे, जो किसी में हो बड़प्पन की कसर।'' उदाहरण देकर समझाइए।

ग) 'पानी रे पानी' पाठ में धरती को एक बड़ी गुल्लक क्यों कहा गया है ?

घ) जल–चक्र की प्रकिया कैसे पूरी होती है ?

प्रश्न 4 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर सूचना लिखिए । **(1X4=4)**

आपकी हिंदी पुस्तक विद्यालय के मैदान में कहीं छूट गई है। इसके बारे में सूचनापट्ट पर लगाने के लिए एक सूचना तैयार कीजिए।

(अथवा)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सामूहिक देशभक्ति गायन प्रतियोगिता के आयोजन हेतु विद्यालय के संगीत शिक्षक की तरफ से एक सूचना तैयार कीजिए।